# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट—महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट—www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com


पत्रांक 543 गोपन / 2025–26 दिनांक– 16 फरवरी, 2026

## संवाद

आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या– 64 / उ0अ0से0च0आ0 / 2024 दिनांक 04 अक्टूबर, 2024 में विभिन्न विभागों के अंतर्गत कनिष्ठ सहायक एवं अन्य पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 19 जनवरी, 2025 को आयोजित की गई।

उक्त लिखित प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर संबंधित पदों के लिए टंकण परीक्षा हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वैबसाइट पर दिनांक 28 मार्च, 2025 को प्रकाशित की गई, जिसके उपरांत दिनांक 27 नवंबर, 2025 को समस्त पदों के लिए अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वैबसाइट पर प्रकाशित की गई। उक्त औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा दिनांक 01.12.2025 से दिनांक 01.01.2026 तक आयोग कार्यालय में संपादित की गई।

अभिलेख सन्निरीक्षा में अनुपस्थित एवं विज्ञापित पद के अनुरूप आवश्यक अर्हता धारित न होने के फलस्वरूप रिक्त रह गये पदों के सापेक्ष संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वैबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित की जा रही है। औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा दिनांक 19 फरवरी, 2026 को प्रातः 09:30 बजे आयोग कार्यालय में संपादित की जाएगी। अभिलेख सन्निरीक्षा की सूची व अन्य जानकारी, अभ्यर्थी आयोग की वैबसाइट पर उपलब्ध कराये गये संबंधित लिंक के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि आयोग द्वारा अभिलेख सन्निरीक्षा में अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों एवं उनके द्वारा दी गयी पदों की वरीयता के आधार पर चयन संस्तुति की अंतिम औपबंधिक श्रेष्ठता सूची जारी की जायेगी।

16.02.26

(डा0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव